# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## जंगल धूसड़- गोरखपुर

स्थापित २००५ ई.

फोन नं0 : 0551–6827552, 2105416
मो. 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com

पत्रांक......................

दिनांक : 01.02.2016

### प्रकाशनार्थ

राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम नहीं मिशन है। राष्ट्र एवं समाज के लिए जीने–मरने वाले युवा तैयार करना और समाज तक नेतृत्वकर्ता पैदा करना राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य है। राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय शिविर में अभिगृहीत गॉव में हम स्वयं सेवी समूह पैदा करने का कार्य करें। आत्म निर्भर, आत्म विकसित एवं सामूहिक चेतना का विकास की प्रेरणा इस शिविर का मूलमंत्र हो। उक्त बातें महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर के छोटी रेतवहिया गॉव में आयोजित **राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर** का उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए दिग्विजयनाथ पी.जी. कालेज के **प्राचार्य डॉ. शेर बहादुर सिंह** ने कही।

उन्होंने कहा कि किसी भी देश अथवा समाज के विकास का मुख्य कर्णधार उस देश का युवा ही होता है। वही ंदेश की दशा एवं दिशा बदलने में महती भुमिका का निर्वहन करता है। युवा अगर चाहे और सामूहिक रूप से प्रयास करे तो कठिन से कठिन और बड़े से बड़े कार्य को भी बड़ी आसानी से अंजाम तक पहुँचा सकता है। राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य युवाओं को संगठित करके उनकी सृजनात्मकता को प्रस्फुटित करना है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिग्विजयनाथ पी.जी. कालेज, गोरखपुर के रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि राष्ट्रींय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य सिर्फ अपने लिए जीना न होकर समाज एवं राष्ट्र के प्रति समर्पित भाव से जीना है। हमारा उद्देश्य स्व विकास न होकर समग्र विकास होना चाहिए और चूँकि समग्र विकास शिक्षा के बिना अधूरा है और एन.एस.एस. का कार्य क्षेत्र महाविद्यालय के स्तर पर ही होता है। अतः इस परिप्रेक्ष में स्वयंसेवक/सेविकाओं का यह परम कर्तव्य है कि वह अपने साथ–साथ अपने परिवेश, समाज तथा देश के विकास में भी सक्रिय रूप से सहभाग करे। यह शिविर युवाओं में आत्म विश्वास, सकारात्मक दृष्टि प्रस्फुटित करने का सशक्त माध्यम बन सकेगा।

# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## जंगल धूसड़- गोरखपुर

फोन नं0 : 0551–6827552, 2105416
मो. 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com

स्थापित २००५ ई.


पत्रांक......................          दिनांक : 01.02.2016



महाविद्यालय के प्राचार्य **डॉ. प्रदीप कुमार राव** ने कहा कि युवा शक्ति ही देश का भविष्य है। उच्च शिक्षण संस्थाओं का उद्देश्य ही ऐसे युवाओं को गढ़ना है जिनमें राष्ट्र और समाज की सेवा के प्रति श्रद्धा उत्पन्न हो सके। ऐसे में राष्ट्रीय सेवा योजना उनमें और निखार ला सकता है और राष्ट्र के लिए ऐसे युवा और भी महत्वपूर्ण और प्रभावी योगदान कर सकने में सक्षम बन सकेंगे। राष्ट्रीय सेवा योजना भारत के युवाओं में रचनात्मक ऊर्जा प्रवाहित करने की दृष्टि से एक आशा की किरण प्रज्ज्वलित करने का प्रमुख साधन बनकर उभर सकती है। सात दिनों का यह प्रशिक्षण सकारात्मक सोच के साथ किया जाये तो जीवन पर्यन्त आत्म उत्थान और संयमित जीवन जीने की कला सीखी जा सकती है।

कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने प्रस्तुत की जबकि आभार ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशवन्त कुमार राव ने किया। इस अवसर पर क्रीड़ा अधीक्षक डॉ. मृत्युंजय कुमार सिंह एवं कार्यक्रम प्रभारी सुश्री दीप्ति गुप्ता ने अपना विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम सरस्वती वन्दना, स्वागत गीत, राष्ट्रीय सेवा लक्ष्य गीत तथा वन्देमातरम् के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविरार्थी स्वयंसेवक/सेविका उपस्थित रहें।

(डॉ. राजेश शुक्ला)
सूजना एवं जनसम्पर्क अधिकारी